केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
श्री रणवीर परिसर
कोट-भलवाल, जम्मू-181122

के.सं.वि.वि.ज./16013/2021-22/ 1438

दिनांक:-14.02.2021

## कार्यालय आदेश

जम्मू कश्मीर राज्य सरकार के आदेश संख्या 15- JK DMRRR of 2022 दिनांक 13.02.2022 के निम्नलिखित दिशा निर्देशानुसार दिनांक 14 फरवरी, 2022 से परिसर पूर्णतः खोल दिया गया है। अब परिसर की कक्षाएं भी चरणबद्धता के साथ खोलने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 21.02.2022 से प्राकशास्त्री प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तक तथा शिक्षाशास्त्री की कक्षाएं आफॅलाईन भी संचालित की जाएगी । शोध छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

अतः उक्त कक्षाओं के सभी छात्र निम्नलिखित नियमों का पालन करते हुए कक्षा में उपस्थित हो कर अध्ययन करेंगे।

1. सभी छात्र अनिवार्य रूप से वैक्सीनेशन का प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करवायेगें
2. यूजीसी द्वारा जारी किए गए सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और एसओपी के सुझावों के परिपालनार्थ एक सलाहकार समिति गठित की गई है जिसके सभी सुझावों को मानना अनिवार्य होगा।
3. निगरानी और सहायता के लिए नगर निकाय, स्वास्थ्य और कुछ अभिभावकों के सदस्यों सहित विश्वविद्यालय के कुछ अध्यापकों की एक समिति गठित की गई है। जो संक्रमण के जोखिम से बचने के लिए, छात्रों, संकायों और कर्मचारियों को उन्हें परिसर में प्रवेश करने से पहले नैदानिक रूप से मूल्यांकन करने की सलाह देगी। इस संबंध में, थर्मल स्कैनिंग, सैनिटाइज़िंग, फेस मास्क आदि की जाँच सभी प्रवेश और निकास द्वारो पर करेगी।
4. सभी छात्रों, प्राध्यापकों और अन्य कर्मचारियों को फेस मास्क पहनना अनिवार्य होगा और उनके पास अपना सैनिटाइजर होना है। छात्र एक दूसरे से लगभग 2 गज दूरी पर अलग बैठेंगे। हर किसी को बार-बार साबुन से हाथ धोना अनिवार्य होगा।
5. उचित भौतिक दूरी बनाए रखना अनिवार्य होगा।
6. परिसर छोड़ने के दौरान छात्रों और कर्मचारियों को एक दूसरे से कम से कम एक मीटर की दूरी बनाए रखनी होगी।
7. छात्रों / संकाय सदस्यों के बीच पुस्तकों, पुस्तिकाओं, पेंसिल पेन और अन्य वस्तुओं का आदान-प्रदान करना वर्जित होगा।
8. परिसर का अल्पाहार केन्द्र खोलने की अनुमति नहीं होगी। पेय जल की व्यवस्था भी स्वयं के स्तर पर ही करना अनिवार्य है।
9. शिक्षाशास्त्री की सभी कक्षाएं दिनांक 28.02.2022 तक ऑफलाइन/ऑनलाइन दोनों मोड में चलेगी तथा 01 मार्च 2022 से अनिवार्य रूप से ऑफलाइन चलेगी।

(प्रो. मदन मोहन झा)
निदेशक

प्रतिलिपिः-

1. परिसर के समस्त प्राध्यापकों को सूचनार्थ।
2. परिसर के समस्त कार्यालयीय कर्मचारियों को सूचनार्थ।
3. प्रभारी परिसर वेब साईट
4. छात्रों को सूचनार्थ।
5. सम्बन्धित पंजिका

(प्रो. मदन मोहन झा)
निदेशक